# पुराने नॉन रिटर्निंग वाल बदले जायेगें, 77 एम.एल.डी एवं इंटेकवेल में

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा क्षेत्र के 6 लाख से अधिक जनसंख्या के नागरिको को पानी की प्रतिपूर्ति की जा रही है। पानी शिवनाथ नदी इंटेकवेल से सीधे रॉ–वाटर लिफ्ट करके 77 एम.एल.डी एवं 66 एम.एल.डी में लाया जाता है। जिसका रिटर्निंग वाल पुराना हो जाने के कारण लिकेज की संभावना बढ़ गई है। जिसको रोकने के लिए नया रिटर्निंग वॉल 77 एम.एल.डी, 66 एम.एल.डी एवं इंटेकवेल में लगाया जा रहा है। नया इंटेकवेल वॉल के लिए जो पाईप सामग्री आई है, उसके डाया की जॉच करने के लिए जलकार्य प्रभारी कार्यपालन अभियंता सुनील जैन एवं सहायक अभियंता बृजेश श्रीवास्तव द्वारा सामग्री का जॉच किया जा रहा है। श्री सुनील जैन ने बताया कि रिटर्निंग वाल, इंटेकवेल का एवं 77 एम.एल.डी फिल्टर प्लांट का बदलवाना आवश्यक है, यह पुराना हो गया है। किसी प्रकार की दुर्घटना न हो, इसलिए हम लोग समय अवधि के अंदर ठीक करा देगें। जिससे गर्मी को देखते हुए नागरिको को पानी की सप्लाई पर्याप्त मात्रा में किया जा सके। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जनता से अपील की है कि जब हम सुबह भ्रमण के लिए जाते है। तो अक्सर देखने में आया है कि सार्वजनिक नल से पानी भरने के बाद टोटी बंद नहीं करते है या उसको तोड़ देते है, जिससे बहुत सा पानी बर्बाद होकर नालियों में गिरता है। कृपया सबसे अनुरोध है कि पानी का एक–एक बूंद बहुत किमती है इसे व्यर्थ नाली में न बहाये। जब एक जगह पानी का बहाव ज्यादा हो जाता है तो दुसरे जगह पानी का प्रेशर कम हो जाने से पानी की प्रतिपूर्ति नहीं हो पाती है, सबसे सहयोग की अपेक्षा है। संगवारी को 14545 पर कॉल करें और घर बैठे सभी 27 प्रकार के दस्तावेज का लाभ प्राप्त करें।

